दिन–बुधवार दिनांक– 14 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. बिहार की दो समेत राज्यसभा की बारह सीटों पर उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से हो रही है शुरू। तीन सितम्बर को होगा मतदान।

03. प्रदेश की प्रमुख नदियों गंगा, गंडक, बूढी गंडक, बागमती, घाघरा और कोसी में उफान जारी। गंगा नदी में उफान के कारण भागलपुर के सबौर में राष्ट्रीय राजमार्ग–अस्सी पर बाढ़ का पानी फैला।

04. और, रेजीडेंट डॉक्टर एसोसिएशन फेडरेशन ने कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में जारी हड़ताल वापस ली।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात नौ बजकर तीस मिनट पर इसका क्षेत्रीय भाषा का संस्करण प्रसारित करेगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर पहले हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में भी प्रसारित किया जाएगा।

---

केंद्र सरकार ने अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर देशभर के पंचायतों की चार सौ निर्वाचित प्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। इस मौके पर पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में आज नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बताया कि कार्यशाला में महिला नेताओं के लिए पंचायतों में चुनौतियां, सफलता की कहानियां और स्थानीय शासन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के बारे में चर्चा की जायेगी। समारोह के दौरान भाषिनी ऐप के सहयोग से एक बहुभाषी ई–ग्राम स्वराज प्लेटफॉर्म का भी शुभारम्भ किया जाएगा। इधर, इस समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित

करने में जुटी एक सौ इकसठ कर्मियों को भी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

---

स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं। देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए यह अभियान कल तक पूरे देश में चलाया जाएगा। केन्द्र सरकार ने लोगों से घरों पर तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने की अपील की है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तिरंगा यात्रा दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में बदलने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की शुरूआत करते हुए श्री शाह ने सभी से अपने घरों और कार्यालयों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

---

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में तिरंगा रैली और यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने तिरंगा यात्रा को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

वहीं, कैमूर जिले में जिलाधिकारी सावन कुमार के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा यात्रा में अधिकारियों, समाजिक कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों ने बढ़–चढ कर भागीदारी की।

अररिया जिले में "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल की बावनवीं वाहिनी ने सीमावर्ती क्षेत्र लैलोलोखर, कुआरी, लेटी, मजरख, सिकटी और आमबाड़ी में जागरूकता रैली निकाली।

किशनगंज जिले में रूईधासा मैदान से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। वहीं, भागलपुर जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

---

राज्यसभा की बारह सीटों पर उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। इनमें बिहार की दो सीटें भी शामिल हैं। गौरतलब है कि पाटलिपुत्र सीट से राजद की मीसा भारती और नवादा से भाजपा के विवेक ठाकुर के लोकसभा

चुनावों में विजयी रहने के बाद ये सीट रिक्त हो गयी हैं। उप चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख इक्कीस अगस्त है। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को की जाएगी। बिहार से राज्यसभा सीट के प्रत्याशी सत्ताईस अगस्त तक नामांकन वापस ले सकते हैं। मतदान तीन सितम्बर को होगा और उसी दिन मतों की गणना भी की जाएगी।

---

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में हज आवेदन– दो हजार पच्चीस और जियो पारसी योजना पोर्टल का उद्घाटन किया। श्री रिजिजू ने कहा कि सऊदी अरब ने दो हजार पच्चीस के हज के लिए भारत को पौने दो लाख से अधिक हज यात्रियों का कोटा आवंटित किया है। उन्होंने बताया कि हज समिति की वेबसाइट के अलावा हज सुविधा ऐप पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

–––बाईट–––

हज कमेटी ऑफ इंडिया का गाइडलाइंस जो लॉच किये हैं, ये पहली बार हिन्दुस्तान में हज के लिए इतना जल्दी तैयारी हमने शुरू कर दिया है। इसका मतलब जो 2025 का जो हज है उसका एप्लीकेशन और सारा तैयारियां, सारा व्यवस्था जो भी करना है, वह ऑलरेडी शुरू कर दिया है। हम चाहते हैं कि 2025 का हज का जो प्रोसेस है वह बिना कोई रूकावट का अच्छी तरह से हो।

---

कोलकाता में एक महिला डॉक्टर की हत्या की घटना को लेकर रेजीडेंट डॉक्टर एसोसिएशन फेडरेशन, एफओआरडीए ने अपनी हड़ताल वापस लेने का फैसला किया है। एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल की नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया। एनएमसीएच और पीएमसीएच समेत इस घटना को लेकर देशभर के डॉक्टर बारह अगस्त से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

---

पेरिस ओलिम्पिक फाइनल में अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ पहलवान विनेश फोगाट की अपील पर खेलों की मध्यस्थता अदालत, सी.ए.एस. के अनौपचारिक संभाग ने एक बार फिर अपना फैसला टाल दिया है। अब सोलह अगस्त को भारतीय समयानुसार रात साढे नौ बजे इस मामले में फैसला सुनाया जाएगा। इससे पहले सी.ए.एस. का फैसला कल रातघोषित किया जाना था।

---

प्रदेश से गुजरने वाली प्रमुख नदियां गंगा, गंडक, बूढी गंडक, बागमती, घाघरा और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में उफान जारी है। गंगा नदी पटना और भागलपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नदी में उफान के कारण भागलपुर में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण सबौर में राष्ट्रीय राजमार्ग–अस्सी पर बाढ़ का पानी फैल गया है। एक रिपोर्ट––

–––बाईट–––

इधर, पटना में भी दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में गंगा का जलस्तर लाल निशान के ऊपर बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि निचले इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। वहीं, लोगों से भी सावधान रहने की अपील की गई है। जिले के मनेर में सोन नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। पुनपुन नदी भी श्रीपालपुर में लाल निशान से चौरानवे सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

बेगूसराय में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटवर्ती इलाकों के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट––

बेगूसराय में गंगा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण जिले के सात प्रखंडों की स्थिति धीरे–धीरे गंभीर होती जा रही है। बछवाड़ा, मटिहानी, तेघरा, बरौनी, बलिया और साहेबपुर कमाल के दियारा इलाकों में गंगा का रौद्र रूप लोगों को परेशान करने लगा है। निचले इलाके में बसे लोगों ने ऊंचे स्थान पर शरण लेना शुरू कर दिया है। सिमरिया बिंद टोली से सीतारामपुर जाने वाली सड़क का डायवर्सन पानी के दबाव से टूट जाने के कारण यातायात प्रभावित हो गया है। बाढ़ प्रभावित सभी प्रखंड में नाव का परिचालन शुरू कराया जा रहा है। हर गतिविधि पर जिला प्रशासन की नजर है। इधर, बाढ़ प्रभावित इलाके के लोगों ने जिला प्रशासन से सभी स्कूलों में बाढ़ की छुट्टी देने की मांग की है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

खगड़िया जिले में गंगा और गंडक समेत अन्य नदियों के बढते जलस्तर के कारण गोगरी अनुमंडल के जमींदारी रिंग बांध के टूट जाने से बौरना पंचायत के सैकड़ों घर बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इसके अलावा गोगरी प्रखंड के रामपुर–कटघरा मार्ग पर बाढ़ का पानी आ गया है। खगड़िया सदर प्रखंड के दियारा इलाके समेत मुख्यालय के कई आवासीय इलाके भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

सुपौल जिले में कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए भीमनगर कोसी बराज के तीस फाटक खोल दिये गए हैं।

———बाईट———

सुपौल जिले में कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव के कारण पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर तीन स्पर पर दबाव बना हुआ था। अभियंताओं की टीम पूरी स्थिति पर नजर बनाई हुई है। इधर, भीमनगर बराज से 2 लाख 19 हजार क्यूसेक से अधिक पानी कोसी नदी में छोड़ा गया है। वहीं, इसी दौरान नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह में एक लाख 72 हजार 500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए बराज के 30 फाटक खोले गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

सहरसा में भी कोसी नदी के कटाव के कारण कई गांव जलमग्न हो गये हैं। हमारी संवाददाता ने बताया है कि हाकी, बकुनिया, केदलि, डरहार, सत्तौर और नौला पंचायत के दो सौ से अधिक परिवारों को विस्थापित किया गया है। डरहार पंचायत में बिजली के पोल के पास तेजी से कटाव होने से पोल कभी भी कोसी में समा सकती है। सभी पंचायत के हल्का कर्मचारी को कटाव स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। सीवान के दरौली में घाघरा नदी का जलस्तर लाल निशान से इकतीस सेंटीमीटर ऊपर किया गया है। उधर, गोपालगंज के डुमरियाघाट में गंडक नदी और खगड़िया में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। मधुबनी के झंझारपुर में कमला बलान तथा अररिया में परमान नदी भी लाल निशान के ऊपर बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है।

---

मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, कैमूर, पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने रोहतास, औरंगाबाद, पटना, शेखपुरा और नवादा समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य इलाकों में मेघगर्जन और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने प्रदेश में विभिन्न आपराधिक और सड़क हादसों की घटना को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है – परिवार में संहार से सात, और डूबने से उन्नीस मौतें।

**दैनिक जागरण** लिखता है – भारत में बिकने वाले नमक और चीनी के सभी ब्रांडों में माइक्रो प्लास्टिक मिला।

**दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है – प्रदेश सरकार का आदेश – गाड़ी का बीमा, प्रदूषण, फिटनेस फेल रहा तो टोल प्लाजा पर कट जायेगा ई–चालान।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – अब जमीन रजिस्ट्री और कोर्ट मैरेज भी होगा ऑनलाइन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. बिहार की दो समेत राज्यसभा की बारह सीटों पर उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से हो रही है शुरू। तीन सितम्बर को होगा मतदान।

03. प्रदेश की प्रमुख नदियों गंगा, गंडक, बूढी गंडक, बागमती, घाघरा और कोसी में उफान जारी। गंगा नदी में उफान के कारण भागलपुर के सबौर में राष्ट्रीय राजमार्ग–अस्सी पर बाढ़ का पानी फैला।

04. और, रेजीडेंट डॉक्टर एसोसिएशन फेडरेशन ने कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में जारी हड़ताल वापस ली।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।